समय आ गया है कि विराट राजधानी की फ्रेंचाइजी से जुड़े। – केविन पीटरसन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान, विराट कोहली को दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने का सुझाव देते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

नीरज चोपड़ा

टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा दुनिया के नये नंबर एक भाला फेंक एथलीट बन गये हैं। टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक और फील्ड स्पर्धा में भारत के लिये पहला स्वर्ण जीतने वाले नीरज वर्तमान रैंकिंग में ग्रेनाडा के मौजूदा विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स से 22 अंकों से आगे हैं। नीरज ने छह मई को डायमंड लीग दोहा में 88.67 मीटर के विजयी प्रयास के साथ पहली अपने 2023 सीज़न की शुरुआत की थी। वह अब चार जून को नीदरलैंड के हेंगेलो में फैनी ब्लैंकर्स–कोएन गेम्स में और उसके बाद 13 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स में भाग लेंगे।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

एमबाप्पे के दो गोल से फ्रांसीसी लीग में 11वें खिताब के करीब पहुंचा पीएसजी

पेरिस, 22 मई। काइलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने ऑक्सेरे को 2–1 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में अपना 11वां खिताब लगभग सुनिश्चित किया। गत चैंपियन पीएसजी के इस जीत से 36 मैचों में 84 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से छह अंक आगे हो गया है। उसका लेंस की तुलना में गोल अंतर काफी बेहतर है। उसे अब सैंट एटीने के 10 खिताब के रिकॉर्ड को पार करने के लिए केवल एक अंक की जरूरत है। अभी लीग में दो दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। एम्बाप्पे ने आठवें मिनट तक ही पीएसजी को 2–0 से आगे कर दिया था। इन दोनों गोल को करने में लियोनेल मेसी ने उनकी मदद की। एम्बाप्पे इस सत्र में अभी तक सर्वाधिक 28 गोल कर चुके हैं और वह लियोन के स्ट्राइकर अलेक्सांद्र लोकाजेटे से दो गोल आगे हो गए हैं।

मैनचेस्टर सिटी ने प्रीमियर लीग में खिताबी हैट्रिक बनाई

मैनचेस्टर, 22 मई। मैनचेस्टर सिटी ने अपने घरेलू मैदान पर चेल्सी 1–0 से पराजित करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरा खिताब जीता। मैनचेस्टर सिटी का यह पिछले छह सत्र में पांचवां खिताब है और वह एक सत्र में तीन खिताब जीतने की तरफ बढ़ रहा है। उसे अभी एफए कप के फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड और चैंपियंस लीग के खिताबी मुकाबले में इंटर मिलान का सामना करना है। मैनचेस्टर सिटी के कोच पेप गार्डियोला ने कहा,“ सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक कहलाने के लिए हमें यूरोप को जीतना होगा, हमें चैंपियंस लीग जीतनी होगी।” चेल्सी के खिलाफ जीत से मैनचेस्टर सिटी का सभी प्रतियोगिताओं में अजेय अभियान 24 मैच तक पहुंच गया है। चेल्सी पर उसकी जीत में जूलियन अल्वारेज ने 12वें मिनट में गोल किया जो निर्णायक साबित हुआ।

अल्काराज ने फिर पहना नंबर एक का ताज

लंदन, 22 मई। स्पेन के युवा सनसनी टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ सोमवार को एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पायदान पर लौट आये। पेशेवर टेनिस खिलाड़ी संघ (एटीपी) की नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, अल्काराज़ 6815 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। अल्काराज़ को नंबर एक पर लौटने के लिये पिछले हफ्ते हुए इटालियन ओपन में सिर्फ एक मैच खेलने की जरूरत थी। वह इस प्रतियोगिता में तीसरे राउंड तक पहुंचे जहां हंगरी के फेबियन मरोज़ान ने उन्हें शिकस्त दे दी। अपने हमवतन और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल की अनुपस्थिति में 20 वर्षीय अल्काराज फ्रेंच ओपन के टॉप सीड खिलाड़ी होंगे। डेनियल मेदवेदेव ने इटालियन ओपन के फाइनल में होल्गर रूने को हराकर विश्व रैंकिंग में नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। क्वार्टर फाइनल में रूने से हारने वाला जोकोविच तीसरे स्थान पर खिसक गये। दूसरी ओर, फाइनल में मेदवेदेव के हाथों हारने के बावजूद डेनमार्क के 20 वर्षीय रूने ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी रैंक अर्जित कर ली। पुरुष युगल रैंकिंग में भारत के रोहन बोपन्ना ने सात साल बाद शीर्ष 10 में वापसी की है। बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन रोम में दूसरे दौर में हार गये थे, लेकिन मौजूदा चैंपियन मेट पाविक और निकोला मेक्टिक के शुरुआती दौर में हारने से भारतीय खिलाड़ी दो पायदान ऊपर चढ़ गये। एकल रैंकिंग में सुमित नागल (256) शीर्ष 300 के अंदर एकमात्र भारतीय हैं।

अंजू बॉबी जॉर्ज ने कहा, चार-पांच साल में लंबी कूद में विश्व में शीर्ष पर होगी शैली सिंह

नयी दिल्ली, 22 मई। लंबी कूद की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज का मानना है कि उनकी शिष्या शैली सिंह के 19 साल की उम्र में प्रदर्शन पर गौर करें तो वह अगले चार या पांच साल में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की तरह दुनिया भर में शीर्ष पर होंगी। इसी साल शैली ने इंडियन ग्रां प्री में 6.76 मीटर की कूद लगाई थी जो अंजू के बाद किसी भारतीय महिला का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अंजू का 6.83 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 2004 से बरकरार है। शैली ने रविवार को सीनियर स्तर पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीता जब उन्होंने जापान के योकोहामा में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता सेइको ग्रां प्री में 6.65 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। शैली की सीनियर स्तर पर यह पहली वैश्विक प्रतियोगिता थी। अंजू ने कहा, “उसने (शैली ने) 19 साल की उम्र में जितनी लंबी कूद लगाई है वह शानदार है। उन्नीस साल की उम्र में उसने 6.76 मीटर की कूद लगाई। वह मुश्किल से मिलने वाली प्रतिभा है और हमें बेहद सतर्कता के साथ उसे निखारना होगा जिससे कि परिपक्व होने पर वह विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बन सके।”

हम प्लेऑफ में जगह पाने के हकदार नहीं थे : डुप्लेसी

बैंगलुरू, 22 मई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने इंडियन प्रीमियर लीग से अभियान खत्म होने के बाद कहा कि मौजूदा सत्र में उनकी टीम प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ टीमों में नहीं थी और वे प्लेऑफ में जगह के हकदार नहीं थे। आरसीबी का अभियान रविवार को गुजरात टाइटंस के हाथों छह विकेट की हार के साथ खत्म हुआ। टीम अगर इस मुकाबले को जीतने में सफल रहती तो मुंबई इंडियंस की जगह प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाती। आरसीबी की टीम ने अब तक आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीती है। इस सत्र में डुप्लेसी अब तक शीर्ष स्कोरर है। उनके शानदार प्रयास के बाद भी टीम प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही।

पहले क्वालीफायर में पांड्या की पलटन से भिड़ेंगे धोनी के धुरंधर

चेन्नई, 22 मई। महेंद्र सिंह धोनी के आखिरी आईपीएल सीजन में खिताब जीतने का ख्वाब देखने वाली चेन्नई सुपर किंग्स मंगलवार को पहले क्वालीफायर में गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स का सामना करेगी। गुजरात भले ही 14 में से 10 लीग मैच जीतकर तालिका में शीर्ष पर रही हो, लेकिन चेपौक स्टेडियम पर चेन्नई को हराना उसके लिये आसान नहीं होगा। हार्दिक पांड्या की टीम ने आईपीएल 2023 के उद्घाटन मैच में चेपौक का किला फतह किया था और वह इस बार भी उसी रणनीति को अपनाना चाहेंगे। टूर्नामेंट की धीमी शुरुआत करने के बाद लय हासिल करने वाली चेन्नई भी गुजरात की योजनाओं को विफल करने के लिये एड़ी–चोटी का ज़ोर लगा देगी।

धोनी के धुरंधरों को सबसे पहले गुजरात के सलामी बल्लेबाज और भारतीय क्रिकेट के भविष्य शुभमन गिल से निपटना होगा। गिल पिछले दो आईपीएल मैचों में दो शतक जड़कर आ रहे हैं, जिनमें से एक ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को आईपीएल से बाहर कर दिया था। वह इस सीजन 56.57 की औसत और 152.47 के स्ट्राइक रेट से 680 रन बना चुके हैं। गिल की फॉर्म मंगलवार को चेन्नई का सिरदर्द साबित हो सकती है। ऐसे में चेन्नई को उम्मीद होगी कि दीपक चाहर शुरुआती ओवरों में अपनी स्विंग से जल्दी विकेट निकाल सकें।

चाहर पिछले दो मैचों में छह विकेट लेकर पूरे रंग में नज़र आये हैं, जबकि श्रीलंका के युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने भी इस सीजन डेथ ओवरों में कमाल का प्रदर्शन किया है। यह जोड़ी अगर अपने शत प्रतिशत प्रदर्शन पर हो तो गुजरात की बल्लेबाजी को गहरी क्षित पहुंचा सकती है। गुजरात का मध्यक्रम हालांकि इन गेंदबाजों के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी। हार्दिक पांड्या, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया और राशिद खान जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों से सजी टीम में विजय शंकर ने भी अपनी आतिशी बल्लेबाजी से जगह बनायी है। यह गुजरात के लिये अच्छा संकेत ही है कि अलग–अलग मैचों में अलग–अलग बल्लेबाजों ने अपना जौहर दिखाया है।

दूसरी ओर, चेन्नई की बल्लेबाजी ने भी इस सीजन आक्रामक रवैया अपनाया है और पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 77 रन से रौंदने के बाद इस टीम का आत्मविश्वास चोटी पर होगा। यह चुनौती हालांकि चेन्नई के बल्लेबाजों के लिये आसान नहीं होगी क्योंकि उन्हें आईपीएल 2023 के दो सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना करना है।

इस सीजन सर्वाधिक विकेट लेने वालों की सूची में पहले स्थान पर मौजूद मोहम्मद शमी जहां शुरुआती ओवरों में स्विंग से चेन्नई को चिंता में डाल सकते हैं, वहीं दूसरे स्थान पर मौजूद राशिद खान अपने हमवतन नूर अहमद के साथ चेन्नई को फिरकी में फंसाने की क्षमता रखते हैं। फिर भी, चेन्नई डेवन कॉनवे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों शिवम दूबे जैसी युवा प्रतिभाओं को लेकर जीत की उम्मीद के साथ अपने घरेलू मैदान पर, घरेलू दर्शकों के बीच जीत की उम्मीद लेकर उतर सकती है।

पहलवान नार्को टेस्ट करवाने के लिए तैयार

नयी दिल्ली, 22 मई। ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया ने नार्को टेस्ट करवाने की बृजभूषण शरण सिंह की चुनौती को स्वीकार करते हुए सोमवार को कहा कि भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष का नार्को टेस्ट टीवी पर प्रसारित होना चाहिये। उल्लेखनीय है कि बृजभूषण के निजी सचिव संजीव सिंह ने रविवार को गोंडा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था कि पूनिया और विनेश फोगाट के नार्को टेस्ट करवाने पर बृजभूषण भी अपनी बेगुनाही साबित करने के लिये तैयार हैं।

बृजभूषण ने इस बयान की पुष्टि करते हुए फेसबुक पर लिखा था, ''मैं नार्को टेस्ट करवाने के लिये तैयार हूं, लेकिन मेरी शर्त है कि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया भी मेरे साथ इस टेस्ट से गुज़रें। अगर दोनों पहलवान यह टेस्ट करवाने के लिये तैयार हैं तो संवाददाताओं को बुलाकर इसकी घोषणा करें।''

जंतर–मंतर पर विनेश और साक्षी मलिक के साथ धरने पर बैठे बजरंग ने इसके जवाब में कहा, ''हम नार्को टेस्ट का सामना करने के लिए तैयार हैं लेकिन हम यह भी चाहेंगे कि वह (बृजभूषण) भी सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में और राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारण के साथ टेस्ट का सामना करें।''

उल्लेखनीय है कि नार्को परीक्षण में एक दवा का प्रयोग किया जाता है जिसे लेने वाली व्यक्ति पर एक तरह की बेहोशी छा जाती है। व्यक्ति के सम्मोहक अवस्था में आने के बाद वह कम संकोची हो जाता है और ऐसी जानकारी दे सकता है जो वह शायद सामान्य अवस्था में न दे। जांच एजेंसियां इस परीक्षण का उपयोग तब करती हैं जब अन्य साक्ष्य मामले की स्पष्ट तस्वीर उपलब्ध नहीं कराते हैं। नियमों के मुताबिक, नार्को टेस्ट कराने के लिये संबंधित व्यक्ति की सहमति जरूरी है।

बजरंग ने कहा, ''हम देखना चाहते हैं कि कौन से प्रश्न पूछे जा रहे हैं। उसने विनेश और मेरे नार्को टेस्ट की मांग की है। मैं कहता हूं कि केवल हम दो को ही क्यों, बल्कि शिकायत दर्ज करने वाली सभी लड़कियों को नार्को टेस्ट से गुजरना चाहिए। इसी बीच, विनेश ने कहा कि पूरे देश को उनके साथ वर्षों से हुए अन्याय का पता लगना चाहिये।

एशियाई चैंपियनशिप गोल्ड मेडलिस्ट विनेश ने कहा, पूरे देश को पता होना चाहिए कि हमने किस तरह के अत्याचार और अन्याय का सामना किया। वह एक स्टार नहीं बल्कि यौन उत्पीड़न का आरोपी है इसलिये कृपया उसके अनुसार व्यवहार करें।

प्रदर्शनकारी पहलवान अपने प्रदर्शन का एक महीना पूरा होने पर मंगलवार शाम एक बार फिर जंतर–मंतर से इंडिया गेट तक कैंडल मार्च का एक और दौर निकालेंगे। साक्षी ने कहा, ''हमें लोगों को याद दिलाना चाहिए कि हमारा विरोध शांतिपूर्ण है और भड़काऊ भाषणों या किसी भी तरह की परेशानी से शांति भंग करने की कोशिश करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। हम कोई जिम्मेदारी नहीं लेते हैं।''

कोहली के घुटने में मामूली चोट, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं : बांगड़

बेंगलुरू, 22 मई। विराट कोहली के घुटने में रॉयल चैलेंजर बेंगलोर और गुजरात टाइटंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान चोट लग गई थी लेकिन उनके मुख्य कोच संजय बांगड़ ने कहा कि यह चिंताजनक नहीं है।

आरसीबी अंतिम लीग मैच में गुजरात से छह विकेट से हारने के कारण आईपीएल से बाहर हो गया है। कोहली ने शतक जड़ने के बाद विजय शंकर का शानदार कैच लिया था लेकिन इस बीच उनका घुटना चोटिल हो गया। कोहली की मदद करने के लिए फिजियो आया लेकिन इस स्टार बल्लेबाज को मैदान छोड़ना पड़ा और वह अंतिम पांच ओवर में डगआउट में बैठे रहे।

बांगड़ ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,“ हां, उनके घुटने में मामूली चोट आई है लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह गंभीर है।” कोहली अभी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के खिलाफ लगातार मैचों में शतक जमाए।

बांगड़ ने कहा,“ उन्होंने चार दिन के अंदर लगातार मैचों में शतक जमाए। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो बल्लेबाजी में ही नहीं बल्कि क्षेत्ररक्षण करते समय अपना पूरा योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने काफी दौड़ लगाई। कुछ दिन पहले खेले गए मैच में वह 40 ओवर तक मैदान पर रहे और यहां उन्होंने 35 ओवर मैदान पर बिताए।”

कोहली उन सात भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए मंगलवार को इंग्लैंड रवाना होंगे। काउंटी क्रिकेट में खेल रहे टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा इंग्लैंड में ही टीम से जुड़ेंगे। इस बीच गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनर राशिद खान ने कहा कि टी20 में बल्लेबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में खाली गेंद (डॉट बॉल) करना भी विकेट लेने जैसा ही है।

राशिद ने कहा,“ आईपीएल और टी–20 क्रिकेट प्रत्येक खाली गेंद विकेट लेने जैसा है। मैं इसे विकेट के रूप में लेता हूं क्योंकि बाउंड्री छोटी हैं और बल्लेबाज प्रत्येक गेंद पर बड़ा शॉट खेलना चाहता है।” उन्होंने कहा,“ इस आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर के कारण आप एक अतिरिक्त बल्लेबाज को खिला सकते हैं। इसलिए बीच के ओवरों में गेंदबाजी करते हुए मैं अधिक से अधिक खाली गेंद करने पर ध्यान देता हूं।”

दर्शना अल्माटी शॉटगन विश्व कप में तीसरी स्थान पर

अल्माटी, 22 मई। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन और खेलो इंडिया युवा खेलों की विजेता दर्शना राठौड़ सोमवार को यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में महिला स्कीट स्पर्धा के पहले दिन क्वालीफिकेशन में 71 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही हैं। यूनान की इमानुएला केटजोराकी तीन दौर के बाद 72 के स्कोर से शीर्ष पर हैं। मंगलवार को क्वालीफिकेशन चरण के बाकी दो दौर खेले जाएंगे जिसके बाद आठ शीर्ष निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। फाइनल भी मंगलवार को ही खेला जाएगा।

दर्शना भारतीय निशानेबाजों में शीर्ष पर चल रही हैं। स्पर्धा में हिस्सा ले रही गनीमत शेखों 69 के स्कोर से नौवें स्थान पर हैं। महेश्वरी चौहान ने 67 अंक जुटाए। पुरुष स्कीट वर्ग में सभी निशानेबाज क्वालीफिकेशन के तीन दौर पूरे नहीं कर पाए। भारत के मेराज अहमद खान उनमें से एक हैं। वह 12वें स्थान पर हैं जबकि तीसरे दौर में उनके 19 शॉट बचे हैं।

आईसीसी ने भारतीय अंपायर पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

दुबई, 22 मई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय अंपायर जतिन कश्यप पर आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के दो मामलों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। आईसीसी की एक विज्ञप्ति के अनुसार, कश्यप पर आचार संहित के अनुच्छेद 2.4.6 और 2.4.7 के उल्लंघन का आरोप है। यह उल्लंघन 2022 में अंतरराष्ट्रीय मैचों की जांच से उत्पन्न हुए।

संहिता के अनुच्छेद 2.4.6 के उल्लंघन का अर्थ है संहिता के तहत संभावित भ्रष्ट आचरण के संबंध में भ्रष्टाचार–रोधी इकाई (एसीयू) की जांच में सहयोग करने से इनकार करना, जिसमें (बिना किसी सीमा के) एसीयू द्वारा मांगी गयी कोई भी जानकारी और/या दस्तावेज देने से इनकार करना शामिल है।

संहिता के अनुच्छेद 2.4.7 का उल्लंघन का अर्थ है संहिता के तहत संभावित भ्रष्ट आचरण के संबंध में एसीयू की जांच में बाधा डालना या देरी करना, जिसमें जांच से संबंधित किसी भी दस्तावेज या अन्य जानकारी को छुपाना, छेड़छाड़ करना या नष्ट करना शामिल है। संहिता के अनुच्छेद 4.6.6 के तहत कश्यप के पास आरोपों का जवाब देने के लिये 19 मई से 14 दिन का समय है।

आईसीसी ने इस स्तर पर इन आरोपों के संबंध में आगे कोई टिप्पणी नहीं की है, हालांकि ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, कश्यप पर ओमान में 2022 एशिया कप क्वालीफायर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भ्रष्ट करने का प्रयास करने का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, कश्यप आईसीसी के मैच अधिकारियों के पैनल में नहीं बल्कि केवल भारत के एक स्थानीय अंपायर हैं। वह टूर्नामेंट में अंपायरिंग नहीं कर रहे थे, लेकिन एशिया कप क्वालीफायर अंतरराष्ट्रीय आयोजन होने के नाते आईसीसी की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई के पास एक जांच शुरू करने का अधिकार था।

राज्य इकाई की आपत्ति के बाद एनआरएआई के अध्यक्ष का चुनाव टला

नयी दिल्ली, 22 मई। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने एक राज्य संघ द्वारा उठाई गई 'आपत्तियों' के बाद अपने नये अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है। एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को 28 मई से शुरू होनाथा लेकिन उत्तर प्रदेश राज्य राइफल संघ (यूपीएसआरए) की आपत्तियों के बाद प्रक्रिया में देरी होगी। खेल मंत्रालय के निर्देश के बाद रनिंदर सिंह के 'लंबी छुट्टी' पर चले जाने पर अध्यक्ष का पद खाली है। राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसफ) के प्रमुख 12 साल से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकते। रनिंदर ने अध्यक्ष के रूप में 29 दिसंबर, 2010 से 29 दिसंबर, 2022 तक अपने 12 साल पूरे कर लिये और संहिता के अनुसार वह आगे एनआरएआई के अध्यक्ष नहीं रह सकते। सुल्तान सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के टलने के कारण शीर्ष पद के लिए किसी ने आवेदान नहीं किया है। उन्होंने कहा, “ यूपीएसआरए की ओर से बार–बार आपत्ति जतायी जा रही थी । उन्होंने तीन–चार पत्र लिखे। हमें लगा कि हम दो–तीन दिन में उनके मसले को सुलझा लेंगे लेकिन चुनाव अधिकारी (उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरिजीत पसायत) ने कहा कि उनके लिए इन सभी (आपत्तियों) की जांच करना जरूरी है। इसलिए वह इस समय प्रक्रिया को स्थगित करना चाहते थे। तो हमने कहा ठीक है। उम्मीद है कि (ताजा) चुनाव की तारीख एक सप्ताह के अंदर घोषित कर दी जायेगी।” रनिंदर के छुट्टी पर जाने के बाद से एनआरएआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव दैनिक कामकाज के प्रभारी हैं।

प्रो. लीग के लिये यूरोप रवाना हुई भारतीय टीम

बेंगलुरु, 22 मई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में 26 मई से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022/23 के मैचों के लिये सोमवार को लंदन रवाना हो गयी। भारतीय टीम अपने यूरोप अभियान की शुरुआत लंदन में करेगी, जहां उनका सामना मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम (26 मई और दो जून) और मेजबान ग्रेट ब्रिटेन (27 मई और तीन जून) से होगा। इसके बाद हरमनप्रीत सिंह की टीम मेजबान नीदरलैंड (सात और 10 जून) और अर्जेंटीना (आठ और 11 जून) के खिलाफ अपने अंतिम मैचों के लिये आइंडहोवन रवाना होगी।

कप्तान हरमनप्रीत ने यूरोप के लिये उड़ान भरने से पहले कहा, ''एफआईएच प्रो लीग सीज़न के अंत में हमारे पास बहुत महत्वपूर्ण मैच आने वाले हैं। हम अब तक तालिका में मजबूत स्थिति में हैं और हम शेष मैचों में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। हम इस दौरे को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि यह हमें अच्छी टीमों के खिलाफ खेलने का मौका देता है। ये मैच हमारे लिये वास्तव में महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि हम इस साल के अंत में होने वाले महत्वपूर्ण एशियाई खेलों की तैयारी कर रहे हैं।” घर में अपने हाल के प्रो लीग मैचों में भारत ने विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अजेय रहकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन मैचों के बाद नवनियुक्त मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी भारतीय टीम के साथ जुड़ गये हैं और यह उनके नेतृत्व में भारत का पहला दौरा होगा।

हरमनप्रीत ने टीम की तैयारियों पर कहा, ''बेंगलुरू के साई (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्र में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में हमारे प्रशिक्षण सत्र अच्छे और गहन रहे हैं। तैयारी वास्तव में अच्छी रही है, और राउरकेला में हमारे पिछले मैचों ने हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया है। इसलिए हम आगामी मैचों में इस प्रदर्शन को दोहराने की कोशिश करेंगे।”

उन्होंने कहा, ''हम कदम–दर–कदम आगे बढ़ेंगे, अच्छी हॉकी खेलने की कोशिश करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण, हम अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेंगे क्योंकि यह लंबा दौरा है और आगे भी व्यस्त सत्र है।” भारतीय पुरुष हॉकी टीम 26 मई को भारतीय समयानुसार शाम 07:10 बजे बेल्जियम के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग 2022/23 अभियान को फिर से शुरू करेगी।

प्रणवी, निष्ठा फ्लोरिडा में कट से चूके

लॉन्गवुड (फ्लोरिडा), 22 मई। भारत की प्रणवी उर्स और निष्ठा मदान यहां आईओए गोल्फ क्लासिक में कट से चूक गए जबकि अमेरिका की जेनी कोलेमन ने खिताब जीता। खराब मौसम के कारण कोर्स (मैदान) खेलने लायक नहीं रह गया था जिसके कारण टूर्नामेंट को 36 होल का कर दिया गया। अंतिम दौर का खेल शुरू हुआ था लेकिन इसे जल्द ही रोकना पड़ा और टूर्नामेंट का आधिकारिक रूप से दो दौर का कर दिया गया।

टी-20 में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर हूं : कोहली

बेंगलुरु, 22 मई। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने अगले साल कैरिबियाई क्षेत्र और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले विपक्षी टीमों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह ''टी20 क्रिकेट में अपने शीर्ष पर हैं।” कोहली ने रविवार रात गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 61 गेंद पर 101 रन की शतकीय पारी खेली और 133 रन पर पांच विकेट गंवा चुकी आरसीबी को 197 रन के स्कोर तक पहुंचाया। कोहली का प्रयास हालांकि उनकी टीम के लिये काफी नहीं रहा और शुभमन गिल (104 नाबाद) ने विजय शंकर (53) की मदद से गुजरात को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

कोहली ने शतक जड़ने के बाद कहा, ''मैं बेहतरीन महसूस कर रहा हूं। कई लोगों को लगता है कि मेरे टी20 क्रिकेट का स्तर गिर रहा है, लेकिन मैं ऐसा बिल्कुल नहीं समझता। मुझे लगता है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेट खेल रहा हूं। मैं अपने खेल का आनंद ले रहा हूं।” कोहली ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में 98.66 की औसत और 136 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 296 रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे थे, हालांकि उन्होंने उसके बाद से भारत के लिये कोई टी20 मैच नहीं खेला। इससे पहले कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उनकी फॉर्म को लेकर सवाल उठाये जाते, उन्होंने आईपीएल में अपने प्रदर्शन से सभी आलोचकों को शांत कर दिया।

भारत के इस 34 वर्षीय बल्लेबाज ने आईपीएल के 14 मैचों में 53.25 की औसत और 139.82 की औसत से 639 रन बनाये, जिसमें दो शतक और छह अर्द्धशतक शामिल रहे। कोहली ने कहा, ''मेरी कोशिश रहती है कि मैं चौके लगाता रहूं और अंत में मौका मिलने पर बड़े शॉट खेलूं। आपको परिस्थितियों को पढ़कर खेलना होता है। मैं लंबे समय से ऐसा करता आ रहा हूं और इससे खुश हूं।”

कोहली इस सीजन में आरसीबी के लिये शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले एकमात्र अनुभवी बल्लेबाज नहीं हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस भी इस सीजन अच्छी फॉर्म में रहे और उन्होंने 14 पारियों में कुल 730 रन बनाये। डु प्लेसिस ने कोहली की जमकर तारीफ की और कहा कि उनके साथी सलामी बल्लेबाज के पास खेल के सबसे छोटे प्रारूप में देने के लिये काफी कुछ है। डु प्लेसिस ने कहा, ''उन्होंने (कोहली) पूरे सत्र में वास्तव में अच्छी क्रिकेट खेली है। इससे पता चलता है कि विराट के पास टी20 क्रिकेट में काफी कुछ बचा है क्योंकि वह अब भी काफी अच्छा खेल रहे हैं।”

स्क्वाश विश्व कप में जोशना भारतीय चुनौती की करेगी अगुवाई

चेन्नई, 22 मई। सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा 13 से 17 जून तक यहां होने वाले स्क्वाश विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ (एसएफआरआई) ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल और 'इंडियन स्क्वाश एंड ट्रायथलॉन अकादमी' में होगा।

टूर्नामेंट में नौ देश भाग लेंगे। इसमें मेजबान भारत के अलावा हांगकांग, चीन, जापान, मलेशिया, मिस्र, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और कोलंबिया शामिल है। भारत में विश्व कप का पिछला सत्र भी 2011 में चेन्नई में आयोजित किया गया था।

एसएफआरआई के मानद आजीवन अध्यक्ष एन रामचंद्रन ने कहा, “मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि चेन्नई एक बार फिर 13 से 17 जून तक प्रतिष्ठित एसडीएटी–डब्ल्यूएसएफ स्क्वाश विश्व कप की मेजबानी करेगा। यह टूर्नामेंट का चौथा सत्र होगा। इस बार टूर्नामेंट में लैंगिक समानता और अंक प्रणाली में सुधार किया गया है। पिछले सत्रों में हर टीम में दो पुरुषों और एक महिला के मुकाबले इस बार दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे।

हेजलवुड डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये फिट : क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया

मेलबर्न, 22 मई। ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी तेज गेंदबाज जॉश हेज़लवुड ने भारत के खिलाफ सात जून से होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले अभ्यास शुरू कर दिया है और कंगारुओं को उम्मीद है कि वह शीर्ष मुकाबले में हिस्सा ले सकेंगे।

ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से सोमवार को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के एक प्रवक्ता ने कहा, ''जॉश हेज़लवुड अपने हालिया मैच के बाद हल्का दर्द महसूस करने के कारण पिछले सप्ताहांत आईपीएल से लौटे। कुछ दिन आराम करने के बाद वह पिछले हफ्ते



गेंदबाजी के लिये लौट आये और डब्ल्यूटीसी एवं एशेज़ टेस्ट शृंखला के लिये धीरे–धीरे अपना कार्यभार बढ़ायेंगे। हेज़लवुड को डब्ल्यूटीसी और एशेज़ के लिये फिट माना जा रहा है।''

उल्लेखनीय है कि पिछले साल रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से जुड़ने वाले हेज़लवुड पिछले एक साल में चोटों के कारण कई मौकों पर क्रिकेट से दूर रहे हैं। इस साल आरसीबी के लिये उन्होंने मात्र तीन मैच खेलकर नौ ओवर फेंके। ऑस्ट्रेलिया को डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत से भिड़ने के बाद 16 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में इंग्लैंड का सामना भी करना है। अगर हेज़लवुड डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये फिट नहीं रह पाते, तो ऑस्ट्रेलिया के पास माइकल नेसर और शॉन एबॉट के रूप में दो अन्य विकल्प मौजूद हैं।

सुदीरमन कप की निराशा को भुलाकर मलेशियाई मास्टर्स में उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी

कुआलालंपुर, 22 मई। पीवी सिंधू और एचएस प्रणय सहित भारतीय खिलाड़ी सुदीरमन कप में मिली निराशा से जल्द से जल्द उबर कर मंगलवार से यहां शुरू होने वाले मलेशियाई मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नए सिरे से शुरुआत करेंगे।

सुदीरमन कप में चीनी ताइपे और मलेशिया के खिलाफ भारत का कोई भी एकल खिलाड़ी जीत दर्ज नहीं कर पाया था और उसे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से जल्दी बाहर होना पड़ा था। चीनी ताइपे ने भारत को 4–1 से जबकि मलेशिया ने 5–0 से हराया था।

भारतीय खिलाड़ी अब पेरिस ओलंपिक के क्वालिफिकेशन को ध्यान में रखकर अपने खेल में सुधार करना चाहेंगे। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू मलेशियाई मास्टर्स के पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से भिड़ेंगी। प्रणय को पुरुष एकल के पहले दौर में छठी वरीयता प्राप्त चोउ टियान चेन का सामना करना है।